आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 07.11.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने वर्ष 2027 की दसवीं और बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है।
2. द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि अंडमान और लखनऊ दोनों ही ब्रिटिश शासन के खिलाफ साहस, बलिदान और देशभक्ति के प्रतीक रहे हैं।
3. दक्षिण अंडमान जिले की जिला नियोजन समिति की बैठक दस और ग्यारह नवंबर को आयोजित की जाएगी।
4. श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने कार्बाइंस कोव में एक एक्वेरियम स्थापित किया है।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने वर्ष 2027 की दसवीं और बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं अगले वर्ष सोलह फरवरी से शुरू होंगी। परीक्षा सुबह साढ़े दस बजे शुरू होगी। दसवीं की परीक्षाएं नौ मार्च को और बारहवीं की परीक्षाएं नौ अप्रैल को समाप्त होंगी। सीबीएसई के अनुसार, दसवीं कक्षा की परीक्षाएं तिरासी विषयों और बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं एक सौ इक्कीस विषयों में आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई की दसवीं की बोर्ड परीक्षा में छब्बीस लाख पचास हजार से अधिक और बारहवीं की परीक्षा में उन्नीस लाख अस्सी हजार से अधिक विद्यार्थियों के शामिल होने की उम्मीद है। विद्यार्थी इसे सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in पर देख सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि अंडमान और लखनऊ दोनों ही ब्रिटिश शासन के खिलाफ साहस, बलिदान और देशभक्ति के प्रतीक रहे हैं। जहां अंडमान की सेल्यूलर जेल स्वतंत्रता सेनानियों के दमन, उत्पीड़न और बलिदान की कहानी बयां करती है, वहीं लखनऊ अट्ठारह सौ सतावन के विद्रोह का एक प्रमुख केंद्र था। अट्ठारह सौ सतावन में आजादी की जो ज्वाला जली थी, वह अंडमान जेल में स्वतंत्रता के लिए दिए गए अनगिनत बलिदानों के माध्यम से संजोकर रखी गई है। कालीचरण डिग्री कॉलेज में आयोजित 'स्वतंत्रता संग्राम में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह का महत्व' विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि अंग्रेजों ने प्राकृतिक रूप से सुंदर और संसाधन संपन्न अंडमान के जेल का इस्तेमाल क्रांतिकारियों को दबाने और प्रताड़ित करने के लिए किया। वीर सावरकर और बटुकेश्वर दत्त जैसे स्वतंत्रता सेनानियों को यहां कैद रखा गया और उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। ब्रिटिश प्रशासन ने क्रांतिकारियों को मुख्यधारा से दूर रखने के लिए इस जेल का इस्तेमाल किया और उन्हें कठोर सजा देने के लिए यहां एक सजायाफ्ता बस्ती स्थापित की। यही कारण था कि इसे 'काला पानी' के नाम से जाना गया। अंडमान की यह जेल राजनीतिक बंदियों के दमन का एक मुख्य केंद्र बनी रही।

<><><><><><><>

मेरा युवा भारत की ओर से हाल ही में जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में 'विकसित भारत युवा संवाद – नो योर वोट' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 300 छात्रों और मेरा युवा भारत एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सांसद बिष्णु पद रे मुख्य अतिथि, जबकि कॉलेज की प्राचार्या पर्ल देवदास विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही। इस अवसर पर द्वीपों की कई प्रमुख समाज सेवी भी मौजूद थे। मेरा युवा भारत के जिला युवा अधिकारी दीपक कुमार ने युवा संवाद पहल के उद्देश्यों और महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान युवा आइकन टी. हरिश कुमार ने विशेष गहन पुनरीक्षण और 'नो योर वोट' विषय पर जानकारी दी। डॉ. टी.के. जिजिथ रेख ने युवाओं को SIR प्रक्रिया और लोकतंत्र में जागरूक भागीदारी के महत्व के बारे में बताया। सांसद ने पहली बार मतदान करने वाले युवाओं के लिए प्रत्येक वोट के महत्व और शक्ति पर जोर दिया। उन्होंने जारी विशेष गहन पुनरीक्षण का जिक्र करते हुए सलाह दी कि यदि किसी का नाम मतदाता सूची में

नहीं है, तो वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवश्यक कार्रवाई के लिए अपने संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर से संपर्क या ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण सुविधा के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं के साथ विभिन्न विकासात्मक मुद्दों पर चर्चा की।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिले की जिला नियोजन समिति की बैठक जिला परिषद के अध्यक्ष पी. उमर की अध्यक्षता में दस और ग्यारह नवंबर को दक्षिण अंडमान जिला परिषद के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में प्रशासन के अंतर्गत योजना क्रियान्वयन विभागों के सचिव, विभागाध्यक्ष, जिला नियोजन समिति के सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य भाग लेंगे। बैठक का उद्देश्य पंचायती राज संस्थानों की प्राथमिकता वाली जिला कार्य योजना दो हजार सत्ताईस–अट्ठाईस को अंतिम रूप देना तथा कार्य योजना दो हजार छब्बीस–सत्ताईस को प्राथमिकता देना है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने कार्बाइंस कोव में एक एक्वेरियम स्थापित किया है। यह एक्वेरियम द्वीपसमूह की स्थानीय मछली प्रजातियों की समृद्ध विविधता को देखने का अवसर प्रदान करता है। इस पहल का उद्देश्य द्वीपों की अनूठी समुद्री जैव विविधता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। एक्वेरियम आगंतुकों के लिए सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा। पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए प्रवेश निःशुल्क है, जबकि पांच से बारह वर्ष तक पच्चीस रूपये प्रतिव्यक्ति और बारह वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए पचास रूप्ये प्रतिव्यक्ति शुल्क निर्धारित किया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह चिकित्सा विज्ञान संस्थान को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा शैक्षणिक सत्र दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिए 20 स्नातकोत्तर सीटों की स्वीकृति दी गई है। पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश नीट–पीजी 2026 की मेरिट के आधार पर ऑल इंडिया कोटा काउंसलिंग और राज्य कोटा काउंसलिंग के माध्यम से किया जाएगा। द्वीप समूह के नीट–पीजी 2026 उत्तीर्ण अभ्यर्थी ही 10 राज्य कोटा सीटों के लिए पात्र हैं। ये सीटें स्थानीय छात्रों की संयुक्त मेरिट के आधार पर आवंटित की जाएंगी। अभ्यर्थी अपना आवेदन अनिम्स की वेबसाइट के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

विवरणिका–सह–आवेदन पत्र आज से जारी किए जाएंगे। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि सत्रह नवम्बर है। अस्थाई वरीयता सूची का प्रकाशन 18 नवंबर को, दावे और आपत्तियां 19 नवम्बर को तथा अंतिम वरीयता सूची का प्रकाशन 20 नवंबर को किया जाएगा। शैक्षणिक सत्र बीस नवंबर से आरंभ होगा। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी अनिम्सस के प्रवेश प्रकोष्ठ से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एन.टी.ए. ने आर्मी कैडेट कॉलेज– ए.सी.सी. 2027 की सामान्य प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दिए हैं। आवेदन प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है और इस महीने की 30 तारीख तक चलेगी। परीक्षा चार जनवरी को कंप्यूटर आधारित टेस्ट– सी.बी.टी. मोड में आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला पुलिस की ओर से दिवाली के अवसर पर शांतिपूर्ण, सुरक्षित और घटना–मुक्त उत्सव सुनिश्चित करने के लिए पूरे जिले में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इसके तहत, सभी पुलिस स्टेशनों पर शांति समिति की बैठकें आयोजित की गई। इन बैठकों में विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों, बाजार संघों, धार्मिक नेताओं और अन्य लोगों ने भाग लिया। पुलिस की ओर से बाजार क्षेत्रों, आवासीय कॉलोनियों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर गश्त की जा रही है। दक्षिण अंडमान जिला पुलिस ने सभी आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए हैं।

<><><><><><><>